हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 30 .6 डिग्री से.
न्यूनतम 24 .2 डिग्री से.

11 कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया




12 विद्यार्थियों को तीसरी बार फिर मिला मौका...



## खबर संक्षेप

### रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

**खरखौदा।** जटोला में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित साहिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 मई की शाम वह अपने दोस्तों के साथ बाइक पर गांव फिरोजपुर बांगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपियों ने उन्हें रोक लिया और रंजिश को लेकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि एक आरोपी ने डंडेनुमा हथियार से उसकी आंख पर वार किया, जबकि अन्य ने भी उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि हमले में उसकी एक आंख की रोशनी चली गई। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर हमला करने के आरोपी काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम ने घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान कबीरपुर स्थित शनिचर बस्ती निवासी कमल उर्फ कमलू और शिवम उर्फ गंगा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मार्च 2026 में जीवन नगर निवासी अरमान ने शिकायत दी थी कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने उसके घर में घुसकर डंडों और लोहे की रॉड से उसकी और उसकी मां पर हमला किया था। बाद में उसके साथी धीरज पर भी हमला किया गया। इस मामले में पुलिस पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### सालासर गए परिवार के मकान में चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-15 स्थित एक बंद मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर ताला तोड़कर नकदी, चांदी के सिक्के और इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर फरार हो गए। घटना के समय परिवार धार्मिक यात्रा पर गया हुआ था। सेक्टर-27 थाना पुलिस को दी शिकायत में रजत ने बताया कि 27 जून को वह परिवार के साथ राजस्थान के सालासर धाम दर्शन के लिए गए थे। 28 जून को घर लौटने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था। जांच में करीब 30 हजार रुपये नकदी, 25–30 चांदी के सिक्के, स्पीकर और एयरपॉड्स गायब पाए गए। पड़ोसी के सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर जाता दिखाई दिया, हालांकि चेहरा ढका होने के कारण पहचान नहीं हो सकी। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए एयरपॉड्स की लोकेशन बिहार के बिहटा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में मिली है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर जांच में जुटी है।

## मानसून की दस्तक : 11.3 एमएम बारिश से मिली राहत

# भीषण गर्मी के बाद बारिश ने कराया 'कूल-कूल' अहसास

बरसात के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव होने से लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में बुधवार देर रात मानसून की दस्तक के साथ मौसम सुहावना हो गया। रात में शुरू हुई बूंदाबांदी से लेकर वीरवार सुबह 8 बजे तक रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत दी। करीब एक माह से पड़ रही तेज गर्मी के बाद लोगों ने 'कूल-कूल' मौसम का अहसास किया। जिले में औसतन 11.3 एमएम बारिश दर्ज की गई, जबकि शहर में 22 एमएम तक वर्षा रिकॉर्ड हुई। बारिश के चलते अधिकतम तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं बारिश के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक 100 से नीचे पहुंच गया, जिससे हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। हालांकि बारिश ने राहत के साथ-साथ लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दीं। शहर के प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्ग और ग्रामीण संपर्क सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। कई जगहों पर सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गईं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### दावों की पोल खुली

नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, हुडा और मार्केटिंग बोर्ड द्वारा किए गए सड़क सुधार के दावों की पोल भी बारिश ने खोल दी। निकासी व्यवस्था के अभाव में जगह-जगह पानी भर गया और सड़कों की हालत बदहाल नजर आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़कें खस्ताहाल बनी हुई हैं। सुबह हुई बारिश के बाद दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे, जबकि बाद में धूप भी खिली। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। बृहस्पतिवार को सोनीपत, 22, गोहाना, 11, गन्नौर, 13, खरखौदा, 2, राई, 12 और खानपुर कलां 8 एमएम बारिश दर्ज की गई।



सोनीपत। मॉडल टाउन रोड पर बारिश के बाद जलभराव।

### मेयर ने निकासी व्यवस्था का किया निरीक्षण



**सोनीपत।** बारिश के बाद शहर में जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए नगर निगम मेयर राजीव जैन गुरुवार को अधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने डिस्पोजलों, पंपिंग स्टेशनों और जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि बरसात के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी जरूरी संसाधन पूरी तरह तैयार रहें।

### रेलवे रोड पर जलभराव पंप लगाकर निकाला पानी



**गन्नौर।** शहर में हुई बरसात के बाद रेलवे रोड पर नई अनाज मंडी के सामने, एसडीएम कार्यालय व जीटी रोड के निकट जलभराव हो गया। सड़क पर पानी जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और पंप लगाकर जमा पानी की निकासी नालों में करवाई। गौरतलब है कि बरसात के मौसम को देखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका की ओर से नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

## सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कें बदहाल

# इधर, विशाल नगर की गलियां हो गई दलदल

कीचड़ और पानी भरने से घरों में कैद हुए कॉलोनीवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम द्वारा दो माह पहले विशाल नगर में सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा गलियों को अधूरा और खस्ताहाल स्थिति में छोड़ दिया गया है। मानसून की पहली बारिश के बाद ही कॉलोनी की गलियां दलदल में तब्दील हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। विशाल नगर की कई गलियों में कीचड़ और पानी भरने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। सीवर लाइन जाम होने के कारण गंदा पानी गलियों में फैल रहा है। इससे न केवल लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि कई स्थानों पर पेयजल आपूर्ति में सीवर का पानी मिलकर आ रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। कॉलोनीवासियों ने सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम के नेतृत्व में प्रदर्शन कर नगर निगम के खिलाफ रोष जताया। लोगों ने कहा कि गली नंबर-8 सहित कई हिस्सों में पिछले दो महीनों से स्थिति जस की तस बनी हुई है और कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।प्रदर्शन में शामिल सतनारायण, संजय कुमार, कृष्ण कुमार, इंद्र सिंह, अमर सिंह, सुमित, अनिल, अजीज, नरेंद्र, साजिद सहित अन्य ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।



सोनीपत। बारिश के बाद गली में भरा कीचड़। इनसेट में प्रदर्शन करते लोग।

### दहिया कॉलोनी में दूषित पानी के बीच बैठकर विरोध, सीवरेज व्यवस्था पर उठे सवाल



**सोनीपत।** शहर की दहिया कॉलोनी में सीवरेज ओवरफ्लो और जलभराव की समस्या से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। वीरवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनी सहित स्थानीय लोगों ने गली नंबर-5 में जमा दूषित पानी के बीच कुर्सियां लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालों की सफाई न होने और सीवरेज व्यवस्था ठप होने के कारण गंदा पानी सड़कों और घरों के आसपास जमा हो रहा है। इससे मच्छरों और गंदगी का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम की ओर से मानसून की तैयारियों के दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर हालात खराब हैं। मेयर और नगर निगम कमिश्नर द्वारा निर्देश दिए जाने के बाद भी ठेकेदारों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि सीवरेज व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को राहत मिल सके।

# गोवंश को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर ट्रांसफार्मर से टकराई

**गन्नौर।** रोशनपुर गांव के पास गोवंश को बचाने के प्रयास में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि मां-बेटे की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार शाहपुर गांव निवासी आदर्श बुधवार शाम अपनी मां के साथ कार से गन्नौर की ओर आ रहा था। इसी दौरान रोशनपुर गांव के पास अचानक सड़क पर गोवंश आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार ट्रांसफार्मर से जा टकराई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर थाना बरोदा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

रोशनपुर के पास हादसा, बाल-बाल बचे मां और बेटा



### जानलेवा हमले में 10 हजार के इनामी सहित दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव अटेरना निवासी गोतम और भैरा बांकेपुर निवासी पवन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, जनवरी 2026 में राई थाना क्षेत्र में हिमांशु पर डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान गोतम पर स्टेट क्राइम की ओर से 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से गोतम को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया, जबकि पवन को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# लूट की कोशिश के दौरान फायरिंग बदमाश फरार, कार पर लगी गोली

**गन्नौर।** धतूरी–लड़सौली मार्ग पर देर रात अज्ञात बदमाशों ने एक कार को रोककर लूट का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। गोली कार की कंडक्टर साइड की हेडलाइट पर लगी। पुलिस को दी शिकायत में जलमाना गांव के सागर ने बताया कि वह अपने मामा राजेश कुमार, चचेरे भाई दलीप और चालक संजय के साथ किराये की कार से बवाना से लौट रहे थे। रात करीब साढ़े 12 बजे भीगन टोल से बचने के लिए वे धतूरी–लड़सौली मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की एक कार ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया। उसमें से दो नकाबपोश युवक हथियारों के साथ उतरे और लूट का प्रयास करने लगे। इसी बीच एक फायर किया गया, जिसके बाद चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन पीछे मोड़कर सभी को सुरक्षित वहां से निकाल लिया। पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना दी। थाना बरोदा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



- धतूरी–लड़सौली मार्ग पर रात को वारदात, आरोपियों पर केस दर्ज

## जाजी में पौधरोपण में अनियमितता का आरोप, डीसी से शिकायत

# वन विभाग का दावा -1000 पौधे लगाए, 63% जीवित, ग्रामीण बोले-दिखाई नहीं दे रही हरियाली

- आरटीआई में जानकारी न देने पर प्रथम अपीलीय प्राधिकारी की सख्ती, सरपंच को पक्ष रखने के लिए मिला समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव जाजी के ग्रामीणों ने ग्राम में सार्वजनिक धन से किए गए पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण कार्यों में अनियमितता के आरोप लगाते हुए उपायुक्त से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में उपायुक्त नेहा सिंह को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की अपील की। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग के रिकॉर्ड में वीडब्ल्यूएल योजना के तहत गांव में करीब 1000 पौधे लगाए गए थे, जिनकी पांच वर्षों तक देखरेख भी की गई। विभागीय अभिलेखों में 63 प्रतिशत पौधों के जीवित होने का उल्लेख है, लेकिन मौके पर बड़ी संख्या में पौधे या पेड़ दिखाई नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि सार्वजनिक धन के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण कार्यों में गंभीर अनियमितताएं हो सकती हैं। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई। प्रथम अपीलीय प्राधिकारी ने मामले को गंभीर मानते हुए सरपंच को पक्ष रखने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक सभी संबंधित रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जाएं और पौधरोपण स्थलों, तालाबों तथा सार्वजनिक भूमि की जांच हो।



सोनीपत। लघु सचिवालय में उपायुक्त को शिकायत देने पहुंचे गांव जाजी के ग्रामीण।

# साइड देने के विवाद में ऑटो और ट्रैक्टर चालक में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गांधी नगर क्षेत्र में थ्री-व्हीलर और ट्रैक्टर-ट्रॉली को साइड देने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### ये था मामला

पूनम पत्नी प्रवीन ने शिकायत में बताया कि 21 जून को उनके पति प्रवीन ऑटो लेकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी होने को लेकर कहासुनी हो गई। बाद में दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। शिकायत के अनुसार रात में दोबारा मौके पर पहुंचने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई और गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए। पुलिस जांच में पाया गया कि वाहन साइड देने को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट की पुष्टि हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




- पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

# किसान पर धारदार हथियारों से हमला, दो बेटे भी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

गांव सिसाना में खेत में काम कर रहे किसान पर धारदार हथियारों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित साहब सिंह की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कुल्हाड़ी दे मारी

पीड़ित के अनुसार 30 जून की सुबह वह अपने खेत में काम कर रहा था, तभी आरोपियों ने ट्रैक्टर से आकर उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए फरसा, लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में साहब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर उसके बेटे विकास और विक्की मौके पर पहुंचे तो उन पर भी हमला किया गया, जिससे दोनों घायल हो गए। साहब सिंह को गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

- सिसाना में किसान परिवार से खेत में मारपीट, केस दर्ज
- साहब सिंह की हालत गंभीर, पीजीआई रेफर

बच्चो, इन दिनों सबसे पॉपुलर खेलों में से एक फुटबॉल वर्ल्ड कप का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रूप से हो रहा है। 11 जून से शुरू हुआ फीफा वर्ल्ड कप 19 जुलाई को समाप्त होगा। क्या तुम जानते हो कि फुटबॉल की शुरुआत कैसे हुई, यह वर्तमान स्वरूप में कैसे पहुंचा? यहां हम इनके बारे में तुम्हें बता रहे हैं। साथ ही फुटबॉल के महान खिलाड़ियों और इससे जुड़े कुछ रोचक फैक्ट्स के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

# जोश-जुनून से भरपूर रोमांचक खेल फुटबॉल




स्पोर्ट्स नॉलेज
शिखर चंद जैन

बच्चो, फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में एक है। इसे 'द ब्यूटीफुल गेम' भी कहा जाता है। अधिकतर देशों में लोग फुटबॉल बड़े चाव से खेलते हैं। इन दिनों फुटबॉल की चर्चा इसलिए भी हर तरफ हो रही है, क्योंकि बीते 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। अरबों लोग इस खेल टूर्नामेंट को टीवी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख रहे हैं। तुम भी अलग-अलग देशों की फुटबॉल टीमों के रोमांचक मुकाबले देख रहे होगे। हालांकि आज का आधुनिक फुटबॉल खेल हमेशा से ऐसा नहीं था। यह खेल हजारों वर्षों में कई बदलावों से गुजरकर अपने वर्तमान स्वरूप तक पहुंचा है।

**प्राचीन काल में हुई शुरुआत:** फुटबॉल की शुरुआत लगभग 2,000 साल पहले चीन में खेले जाने वाले 'सु-जू' नामक खेल से मानी जाती है। इसमें खिलाड़ी चमड़े की गेंद को बांस के खंभों के बीच लगे जाल में पहुंचाने की कोशिश करते थे। इसके अलावा प्राचीन ग्रीस और रोम में भी गेंद से खेले जाने वाले कई खेल प्रचलित थे, जिन्हें आधुनिक फुटबॉल का शुरुआती रूप माना जाता है।


फुटबॉल जैसा खेल सु-जू

**ऐसे हुई वर्तमान स्वरूप की शुरुआत:** आधुनिक फुटबॉल की नींव इंग्लैंड में रखी गई। अक्टूबर 1863 को लंदन में फुटबॉल क्लबों की बैठक हुई, जहां पहली बार इस खेल के आधिकारिक नियम तैयार किए गए। इसी बैठक के बाद 'फुटबॉल एसोसिएशन' की स्थापना हुई। पहले खिलाड़ी हाथ और पैर दोनों से खेलते थे। लेकिन नए नियमों में तय किया गया कि गेंद को मुख्य रूप से पैरों से खेला जाएगा। यहीं से फुटबॉल खेल के वर्तमान स्वरूप की शुरुआत मानी जाती है। बाद में वर्ष 1904 में फीफा की स्थापना हुई, जो आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का संचालन और नियम तय करने वाली सर्वोच्च संस्था है।

**फुटबॉल से जुड़े आविष्कार:** फुटबॉल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया, बल्कि यह समय के साथ विकसित हुआ। हालांकि कुछ लोगों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। चार्ल्स गुडईयर ने 1855 में पहली रबर की फुटबॉल तैयार की। इससे पहले गेंद जानवरों के ब्लैडर से बनाई जाती थी, जो ज्यादा टिकाऊ नहीं होती थी। फुटबॉल के शुरुआती नियमों और इस खेल की संरचना को विकसित-व्यवस्थित करने में इंग्लैंड के कई फुटबॉल क्लबों एवं इस खेल से जुड़े प्रशासकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रॉबर्ट एबट ने फुटबॉल के गोल पोस्ट और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण नियमों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। *

## विश्व के महान फुटबॉल-प्लेयर्स


**पेले:** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले को 'किंग ऑफ फुटबॉल' और 'ब्लैक पर्ल' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर में 1,000 से अधिक गोल किए। वे ब्राजील को तीन फीफा विश्व कप जिताने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी हैं।


**डिएगो मैराडोना:** अर्जेंटीना के खिलाड़ी डिएगो मैराडोना भी एक महान फुटबॉलर थे। उनका 'सदी का सबसे शानदार गोल' आज भी याद किया जाता है। फुटबॉल खेलने के दौरान उनकी ड्रिबलिंग अद्भुत थी।


**लियोनेल मेसी:** मेसी को फुटबॉल इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने कई व्यक्तिगत रिकॉर्ड्स बनाए। 2022 में अर्जेंटीना को फुटबॉल विश्व कप जिताने में मेसी का महत्वपूर्ण योगदान था।


**क्रिस्टियानो रोनाल्डो:** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी फिटनेस, रफ्तार और हवा में ऊंची छलांग लगाकर हेडर मारने के लिए मशहूर हैं। वे अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं।


**जिनेदिन जिदान:** फ्रांस के महान मिडफील्डर जिनेदिन जिदान अपनी शानदार तकनीक, बेहतरीन पासिंग और खेल की समझ के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। इन्हें 'मैदान का जादूगर' कहा जाता था।

## इंट्रेस्टिंग फैक्ट्स और रिकॉर्ड्स


फुटबॉलर हाकन शुकुर (व्हाइट जर्सी में)

**सबसे तेज गोल:** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड तुर्की के हाकन शुकुर के नाम है। 2002 फीफा विश्व कप में तुर्की के हाकन शुकुर ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच शुरू होने के सिर्फ 10.8 सेकेंड बाद गोल कर इतिहास रच दिया।

**सबसे ज्यादा बार वर्ल्ड कप विजेता:** ब्राजील ने अब तक सबसे ज्यादा 5 बार फीफा विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम की है।

**सबसे ज्यादा दर्शक:** 1950 विश्व कप के ब्राजील और उरुग्वे के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को रियो डी जेनेरियो के माराकाना स्टेडियम में अब तक के सबसे ज्यादा लगभग दो लाख दर्शकों ने प्रत्यक्ष देखा था।


छोटी कहानी
रवि प्रकाश

# किताब का जादू

कबीर कक्षा सात का एक ऐसा छात्र था, जिसे लोग 'नोटिस' ही नहीं करते थे। वह न पढ़ाई में सबसे आगे था, न खेलकूद में। उसे लगता- इस बड़े से स्कूल की भीड़ में वह एक खोया हुआ बच्चा है। जब शिक्षक कोई सवाल पूछते, जवाब पता होते हुए भी कबीर अपना हाथ नहीं उठाता। उसे डर लगता था कि कहीं सब बच्चे उस पर हंस न दें।

एक दिन बाहर मूसलाधार बारिश हो रही थी। खेल का मैदान पानी से लबालब भरा था। कबीर स्कूल के पुस्तकालय के एक शांत कोने में जाकर बैठ गया। खिड़की पर बूंदें 'टप-टप' गिर रही थीं। अंदर पुरानी किताबों की एक सोंधी-सी महक फैली थी।

तभी उसकी नजर रैक के सबसे नीचे दबी एक फटी जिल्द वाली किताब पर पड़ी। उसने उसे बाहर निकाला। किताब का शीर्षक था- 'हौसलों की उड़ान: जिन्होंने दुनिया बदल दी।'

कबीर ने किताब पढ़ना शुरू किया। उसने पढ़ा कि महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन को बचपन में 'मंदबुद्धि' कहकर स्कूल से निकाल दिया गया था। कबीर ने इस किताब में यह भी पढ़ा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन एक नहीं दर्जनों बार चुनाव हारे थे। किताब के बीचों-बीच एक अनमोल वचन लिखा था- 'सूरज की तरह चमकने के लिए, पहले उसकी तरह जलना पड़ता है।' इस एक कथन ने कबीर के भीतर जैसे आत्मविश्वास का कोई सोता खोल दिया। उसे समझ में आ गया- प्रतिभा जन्म से नहीं, जिज्ञासा और मेहनत से आती है। उसने वह किताब पुस्तकालय से जारी करवाई और किसी खजाने की तरह संभालकर घर ले गया।

अब उसका खाली समय फोन या टीवी पर नहीं, प्रयोग करने में बीतने लगा। उसने अपने गांव का गंदा तालाब देखा और एक 'कम लागत वाला जल शोधक' (लो कॉस्ट वाटर फिल्टर) बनाने की ठान ली। घर के स्टोर रूम से पाइप, कोयला, कंकड़ और रेत इकट्ठा किया। कई बार पानी साफ नहीं हुआ। कई बार पाइप टूट गया और कमरे में कीचड़ फैल गया, लेकिन कबीर हारा नहीं, रुका नहीं। जब तब वह इस जादुई किताब के पन्ने पलटते रहता। बहुत कुछ जानता-सीखता। इनके आधार पर प्रयोग करता।



एआई इमेज

विज्ञान प्रदर्शनी के दिन कबीर का स्टाल सबसे पीछे था। बड़े-बड़े स्कूलों के बच्चे अपने महंगे-महंगे साइंटिफिक मॉडल लेकर आए थे। लेकिन जब निर्णायकों ने कबीर के साधारण से फिल्टर से गंदे नाले का पानी कांच जैसा साफ होते देखा-वे दंग रह गए।

जब बेस्ट इनोवेटर का पुरस्कार कबीर के नाम घोषित हुआ, तो मंच पर जाते समय उसका सिर गर्व से ऊंचा था। प्रिंसिपल ने पूछा, 'कबीर, यह प्रेरणा तुम्हें कहां से मिली?'

कबीर मुस्कुराया और बोला, 'सर, मुझे एक जादू की छड़ी मिल गई थी, जो पुस्तकालय की अलमारी में बरसों से मेरा इंतजार कर रही थी, उसी से कुछ कर दिखाने की प्रेरणा मिली।'

***सीख:** अच्छी किताबें केवल छपे अक्षर नहीं होतीं, वे बंद मस्तिष्क के ताले खोलने की चाबियां होती हैं। एक सही किताब हमारी जिंदगी की दिशा बदल देती है।* *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

# सरल-सरस-मनोरंजक बाल कविताएं

कविताएं केवल मनोरंजन ही नहीं करें, गुदगुदाएं भी तो कहने क्या! कुछ इसी तरह का आनंद तुम्हें बाल साहित्यकार डॉ. सुरेश अवस्थी द्वारा रचित बाल कविताओं का संकलन 'बच्चों की फुलवारी' पढ़कर मिलेगा। इस संकलन में छोटी-बड़ी कुल 22 रोचक-मनोरंजक कविताएं हैं। संकलन की पहली कविता 'चूहे' बड़ी मजेदार है, इसमें तुम पढ़ोगे कि कैसे घर में उधम मचाते हुए चूहे पानी से भरे घड़े में गिर जाते हैं, पापाजी की अलमारी से नोट उड़ा ले जाते हैं, लेकिन बिल्ली को आता हुआ देखकर अपनी जान बचाते हुए भागकर बिल में छिप जाते हैं। एक कविता में तुम पढ़ोगे कि बंदर मामा नकली पंडित बनकर ब्याह कराने तो बड़े मजे से आते हैं, लेकिन मंत्र न पढ़ पाने के कारण उन्हें हंसी का पात्र बनकर भागना पड़ता है। 'जलेबी' कविता में तो जलेबी को अन्य कई मिठाइयों की रिश्तेदार बताया गया है। उसे इमरती की बहन, रसगुल्ले की चाची, काला जाम की बुआ बताते हुए नरम-रसभरी कहा गया है। 'मेला' कविता में रंग-बिरंगे गुब्बारे हैं, लड्डू-पेड़ा है, झूलों और खेल-खिलौनों का संसार है। 'बूढ़ी दादी' कविता में एक बच्चा पहले दादी से पके बाल, पिचके गाल और दांत न होने की बातें पूछता है फिर बड़े प्यार से 'करवा दो तुम मेरी शादी, बूढ़ी दादी-बूढ़ी दादी' कहकर कविता में रस घोल देता है। 'मेरी कलम', 'आई रेल', 'गुड़िया की ससुराल', 'रोज सवेरे', 'तितली' और 'छम-छम नाचे वर्षा रानी' जैसी कविताएं इतनी सरल हैं कि पढ़ते-पढ़ते ही तुम्हें याद हो जाएंगी। कौआ और लोमड़ी की कहानी को भी कवि ने कविता में ढालकर फिर से कौए को मूर्ख और लोमड़ी को चालाक बताया है। 'हमारा स्कूल', 'लट्टू' और 'मेरा घोड़ा' जैसी संग्रह की छोटी-छोटी कविताएं भी बहुत प्यारी हैं। *




**किताब:** बच्चों की फुलवारी (बाल कविता संग्रह), **लेखक:** डॉ. सुरेश अवस्थी, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** ईरा पब्लिशर्स, कानपुर


कहानी
संजीव जायसवाल 'संजय'

कमलापुर गांव में एक बहुत पुराना विशाल बरगद का वृक्ष था। एक दिन अचानक इस वृक्ष से ढोल की आवाजें आने लगीं। गांव वाले दहशत में आ गए कि बरगद के वृक्ष पर जिन्नों का डेरा हो गया है, वही ढोल बजाते हैं। लेकिन मुकुल को यह बात बड़ी अजीब-सी लगी। उसने इस रहस्य का सच सामने लाकर दम लिया।

# रहस्यमयी ढोल

कमलापुर गांव के बाहरी हिस्से में एक बहुत विशाल और पुराना बरगद का वृक्ष था। गांव के लोग उसे एक पवित्र वृक्ष मानते थे। इस वृक्ष के नीचे अपने धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य किया करते थे। लेकिन पिछले कुछ दिनों से उस वृक्ष को लेकर पूरे गांव में अफवाह फैल गई थी कि वृक्ष पर जिन्न रहने लगे हैं। लोगों ने डर के मारे उस तरफ जाना ही छोड़ दिया।

हुआ यह था कि एक रात गांव में बहुत तेज आंधी आई, इस आंधी में अचानक बरगद के वृक्ष की ओर से जोर-जोर से ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। अगले दिन पूरे गांव में अफवाह फैल गई कि रात में उस वृक्ष पर 'जिन्नों' का कब्जा हो गया है। वे रात में ढोल बजाकर नाच रहे थे, इसीलिए भयंकर आंधी आई थी।

अगली रात कुछ किसान खेतों में रखवाली कर रहे थे कि अचानक फिर ढोल बजने की आवाजें आने लगीं। किसान घबराकर घर भाग आए। अब तो जितने मुंह उतनी बातें। लोगों ने डर के कारण उधर बरगद के वृक्ष के पास जाना छोड़ दिया। गांव के बच्चे डर के मारे शाम होते ही घरों में दुबक जाते थे।

उसी गांव में चौदह साल का मुकुल रहता था। मुकुल को विज्ञान की किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। वह हर बात के पीछे का कारण जानने की कोशिश करता था। उसे 'जिन्न' वाली बात पर बिल्कुल विश्वास नहीं हुआ। उसने अपने विज्ञान के शिक्षक से सीखा था कि भूत-प्रेत-जिन्न सिर्फ भ्रम और अंधविश्वास होते हैं, असलियत में इनका कोई वजूद नहीं होता।

एक दिन वह अपने दोस्तों के साथ बैठा था, तभी राजू ने बताया, 'गांव के लोग वहां एक विशाल यज्ञ करवाने की सोच रहे हैं, ताकि उन जिन्नों को भगाया जा सके।'


एआई इमेज

'यह तो सरासर अंधविश्वास है, पैसों की बर्बादी भी! जब भूत-प्रेत और जिन्न होते ही नहीं, तो उन्हें भगाने के लिए यज्ञ कैसा? हम सब विज्ञान के छात्र हैं, हमें ऐसी दकियानूसी बातों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।' मुकुल अपनी बात पर जोर देते हुए बोला।

'अगर जिन्न नहीं होते, तो फिर रात के सन्नाटे में ढोल कौन बजाता है?' पिंटू ने उसकी बात काटते हुए पूछा।

'अगर तुम लोग मेरा साथ दो, तो आज रात इस रहस्य का पता लगाया जा सकता है।' मुकुल बोला।

पहले तो राजू और पिंटू डर के मारे तैयार नहीं हुए, लेकिन मुकुल के हौसला बढ़ाने पर वे सब शाम को अंधेरा होने पर बरगद के वृक्ष की ओर चल दिए। चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ था। अचानक मौसम बदला और तेज हवा चलने लगी। इसी के साथ बरगद के पेड़ से 'ढम-ढम ढमाक-ढम' की डरावनी आवाजें गूंजने लगीं।

'भागो! जिन्न आ गए!' राजू और पिंटू डर कर भागने लगे।

लेकिन मुकुल अपनी जगह पर खड़ा रहा। उसने राजू और पिंटू को रोका। मुकुल ने अपनी टॉर्च की रोशनी को बरगद की ऊंची डालियों की तरफ घुमाया। वहां का नजारा देख वह खिलखिलाकर हंस पड़ा फिर आवाज लगाई, 'दोस्तों! भागो मत, मैंने जिन्न को पकड़ लिया है!'

राजू और पिंटू ने सहमते हुए मुकुल की तरफ देखा। बरगद की एक मोटी और झुकी हुई डाल के बीच में एक बड़ा-सा ढोल फंसा हुआ था। जब-जब तेज हवा चलती, तो बरगद की एक दूसरी सूखी और भारी टहनी हवा के दबाव से उस ढोल से टकरातीं, जिससे 'ढम-ढम' की आवाज आ रही थी। दिन के शोर-शराबे में यह आवाज दूर तक नहीं जाती थी, लेकिन रात के सन्नाटे में बहुत भयानक लग रही थी।

मुकुल ने पास पड़ी एक लंबी लकड़ी की मदद से उस ढोल को डाल से नीचे गिरा दिया। उसे रोकने के लिए कोई जिन्न सामने नहीं आया। जिन्न का रहस्य तो खुल गया, लेकिन अब बड़ा सवाल यह था कि आखिर यह ढोल इतनी ऊंची डाल पर पहुंचा कैसे?

मुकुल ने जब ढोल को उलट-पुलट कर देखा। उस पर लाल रंग से लिखा था 'गोपाल कीर्तन मंडली, गांव-लक्ष्मीनगर' और नीचे एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मुकुल ने तुरंत अपनी जेब से मोबाइल निकाला और उस नंबर पर फोन लगा दिया। फोन लक्ष्मीनगर के गोपाल जी ने उठाया। मुकुल ने जब उनसे बरगद के पेड़ वाले ढोल के बारे में पूछा, तो गोपाल जी चौंक गए और फिर राहत की सांस लेते हुए बोले, 'बेटा! बहुत-बहुत धन्यवाद। पांच दिन पहले हम सपरिवार उसी पेड़ के नीचे अपने पोते का मुंडन कराने आए थे। वहां हमने भजन-कीर्तन भी किया था। कीर्तन के बाद जब सब खाना खाने बैठे, तो छोटे बच्चे ढोल को जोर-जोर से पीटकर ऊधम मचाने लगे। ढोल कहीं फट न जाए, इसलिए एक रिश्तेदार ने उसे ऊपर बरगद के वृक्ष की एक ऊंची डाल के बीच में छिपाकर टांग दिया था। शाम को लौटते समय हम लोग ढोल वहीं भूल आए थे। कल आकर उसे ले लूंगा।' जिन्न का रहस्य खुल चुका था। पिंटू ने उस ढोल को अपने गले में टांग लिया और उसे जोर-जोर से बजाते हुए तीनों दोस्त गांव की ओर लौट पड़े। ढोल की आवाजें करीब आती देख गांव वाले बुरी तरह से घबरा गए, लेकिन बाद में असलियत जान सभी ने राहत की सांस ली और अपने आप पर हंसे भी। मुकुल की बुद्धिमानी ने गांव वालों के अंधविश्वास को दूर कर दिया था। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



# पहलवान

सब मेवे कर गए सफाचट,
और दूध पी गए फटाफट।
दांव-पेंच सब इनको आते,
भांति-भांति के हाथ दिखाते।
मुग्दर-दंड उठाए अब तक,
लगा रहे अब उठक-बैठक।
ये शौकीन बड़े कुश्ती के,
सच में हैं पुतले चुस्ती के।
पहलवान इनसे थर्राते,
लड़ने जल्दी पास न आते।
जीत चुके हैं दंगल सारे,
कल के गामा यही हमारे।

## जीके क्विज-212

1. फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?
3. हाल ही में किसे एक बार फिर से भारत का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है?
4. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
5. भारत में मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. सहारा मरुस्थल किस महाद्वीप में स्थित है?
7. यूक्रेन की राजधानी कहां है?
8. भारत का सर्वोच्च न्यायालय कहां स्थित है?
9. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (ग्लैंड)कौन-सी है?
10. कंप्यूटर का आविष्कार किसने किया था?



बच्चों, जीके क्विज-212 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-211 का उत्तर :** 1.बिहू पेपा, 2.स्मृति मंधाना, 3.ओम बिरला, 4.फुटबॉल, 5.मुंबई, 6. 5 वर्ष, 7.पोखरण (राजस्थान), 8.बहादुर शाह 'जफर', 9.सिक्किम, 10.जापान

**जीके क्विज-211 का सही उत्तर देने वाले :** संकेत-रायपुर, सुगंधा-बिलासपुर, कृष्णा-रोहतक, भारती-दुर्ग, जिया शिया-रायगढ़, कबीर-हिसार, अभिनीत-ईमेल से, सुमन-महासमुंद, कुशाग्र-दुर्ग, हर्षित-बलौदा बाजार, शिवम-रोहतक

## रंग भरो-205

रंग भरो-205 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्या, बिलासपुर


आशुतोष, उमरिया


आशना, जांजगीर


दिशा, बिलासपुर


यतिका, कोरबा


साक्षी, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
आद्या-उमरिया, प्रगति-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रेणुका-बिलासपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, शुभम-रायगढ़, अर्पित-कोरबा, सना-बलौदा बाजार, आशुतोष-दुर्ग, कुसुम-हिसार

## रंग भरो 206



बच्चो, यहां दिए गए सुंदर से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग फाइट कल

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग पर खन्दराई चौक के समीप स्थित जय बालाजी बॉक्सिंग अकादमी में 4 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग फाइट-गोल्डन गोल्डन ग्लव्स फाइट नाइट का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सायं 5 बजे आयोजित होगी। अकादमी के संस्थापक जितेंद्र हुड्डा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के मुक्केबाज अपने मुक्के का दम दिखाते हुए दमदार मुकाबलों का प्रदर्शन करेंगे।

### धज्जाराम को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** जनता विद्या भवन, बुटाना के संस्थापक धज्जा राम को गुरुवार को पुण्यतिथि पर याद किया गया। समारोह में धज्जा राम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। संस्थान के अध्यक्ष अजीत सांगवान ने कहा कि धज्जा राम का निधन 2 जुलाई, 1993 को हुआ था। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए वर्ष 1951 में जनता विद्या भवन की स्थापना की। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की थी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में रोपित शिक्षा रूपी यह पौधा आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है। विद्यालय से प्रारंभ हुई यह संस्था निरंतर विकसित होती गई। डॉ. रविंद्र सांगवान, डॉ. मनजीत सिंह, डॉ. एम एस. हुड्डा, मनोज, डॉ. विकास तथा जनता विद्या भवन के सभी कर्मियों ने धज्जा राम को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### वायदे पूरे नहीं होने पर फायर कर्मचारियों का प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

# लंबित मांगें नहीं मानी तो अगस्त में अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

**नाराज दमकल कर्मचारियों का दूसरे दिन भी गेट मीटिंग कर प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा सरकार द्वारा अग्निशमन विभाग के पे-रोल कर्मचारियों को नियमित करने सहित विभिन्न मांगों पर कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज दमकल कर्मचारियों ने गुरुवार को मुख्य दमकल केंद्र पर दूसरे दिन भी गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर अगस्त में हड़ताल की चेतावनी दी। जिला प्रधान राजीव खत्री ने कहा कि 13 मई को चंडीगढ़ में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, डीजी फायर शेखर विद्यार्थी सहित अधिकारियों ने 30 जून से पहले पे-रोल कर्मचारियों को नियमित करने और अन्य मांगों पर निर्णय लेने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई आदेश जारी नहीं हुआ। जिला सचिव अमित दहिया, नितेश, विजय कुमार, नितिन शर्मा, सत्यवान, अजीत सिंह, मुकेश सैनी, जितेन्द्र और सुमित कुमार ने कहा कि शहीद कर्मचारियों के परिजनों को मुआवजा, नियमितीकरण, जोखिम भत्ता, वर्दी भत्ता, एचकेआरएनएल कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षा और अन्य मांगों पर भी सरकार ने कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को जिला स्तर पर फायर कर्मचारी रैली होगी। मांगें पूरी नहीं होने पर 6, 7 और 8 अगस्त को प्रदेशव्यापी हड़ताल की जाएगी, जिसके बाद आंदोलन अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा।



सोनीपत। गेट मीटिंग के दौरान रोष प्रदर्शन करते दमकल कर्मी।




गन्नौर। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नगरपालिका कर्मचारी।

### नगरपालिका कर्मचारी संघ का झाड़ू प्रदर्शन

**गन्नौर।** नपा कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की इकाई शाखा गन्नौर ने बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर नपा सफाई कर्मचारियों ने शहर में झाड़ू प्रदर्शन कर रोष जताया। कर्मचारियों ने सरकार से समझौते के तहत मानी गई मांगों के आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पैरोल पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों और सीवरमैन को नियमित किया जाए। इसके अलावा हरियाणा कौशल रोजगार निगम तथा अन्य ठेकों पर कार्यरत तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कच्चे कर्मचारियों के लिए नीति बनाकर उन्हें पक्का किया जाए। नियमित होने तक सभी कच्चे कर्मचारियों को 30 हजार मासिक वेतन देने और एक्सग्रेसिया पालिसी को सरल बनाकर कच्चे कर्मचारियों को भी इसका लाभ देने की मांग उठाई। कर्मचारियों ने छंटनी किए गए कर्मचारियों को दोबारा डयूटी पर लेने तथा रोहतक के 42 डोर-टू-डोर और जींद के 192 ठेका कर्मचारियों की बहाली की भी मांग की।




सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

### आशा वर्कर्स ने सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** जिले की आशा वर्कर्स ने गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय पर आशा मांग दिवस मनाया और सीएमओ के माध्यम से भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान सभी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव सुनीता ने किया। प्रदर्शन में सीटू के जिला कैशियर सीलकराम मलिक और वरिष्ठ किसान नेता कॉमरेड श्रद्धानंद सोलंकी भी पहुंचे। वक्ताओं ने कहा कि आशा वर्कर्स पिछले 21 वर्षों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत स्वास्थ्य सेवाएं घर-घर तक पहुंचा रही हैं। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य किया, जिसके लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उन्हें ग्लोबल हेल्थ लीडर अवार्ड से सम्मानित किया था। इसके बावजूद सरकार प्रोत्साहन राशि में कटौती, ऑनलाइन कार्य का दबाव और अन्य समस्याओं के माध्यम से आशा वर्कर्स का उत्पीड़न कर रही है। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार 10 वर्ष की सेवा पूरी करने वाली आशाओं को स्थायी कर्मचारी बनाने, मार्च 2025 में घोषित 1500 रुपये एरियर सहित देने, समान सेवा नियम लागू करने, वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति, जिला अस्पतालों में विश्राम कक्ष बनाने, कटी प्रोत्साहन राशि बहाल करने तथा 2023 की 73 दिन की हड़ताल के दौरान रोकी गई राशि का भुगतान करने की मांग की गई। साथ ही सरकारी अस्पतालों में दवाइयां, डॉक्टर और मशीनरी उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। आशा वर्कर्स ने 21 जुलाई को पंचकूला स्थित एनएचएम मुख्यालय पर होने वाले राज्यस्तरीय प्रदर्शन में भी भाग लेने का ऐलान किया।

## न्यूज डायरी

### एसडीएम ने पूछा शिकायतें लंबित रहने का कारण



**गोहाना।** लघु सचिवालय में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अंकित कुमार ने आमजन से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा करते संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। एसडीएम ने शिविर में अधिकारियों से शिकायतें लंबित रहने का कारण भी पूछा और शीघ्र समाधान करने के निर्देश जारी किए। शिविर में खाद व बीज न मिलने की समस्या, सिंचाई के लिए समय पर पानी न मिलने बारे, फैमिली आईडी ठीक करवाने, इंतकाल दर्ज करवाने, बिजली कनेक्शन लगवाने व जमीन से अवैध कब्जा हटवाने जैसी शिकायतें प्राप्त हुई। इसमें से कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया तथा अन्य समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजा गया। एसडीएम ने कई मामलों में विभागीय अधिकारियों से शिकायतों के लंबित रहने के कारणों बारे पूछताछ की और आवश्यक कार्रवाई के लिए समय-सीमा निर्धारित की। तहसीलदार शिखा, नायब तहसीलदार खानपुर अंजू, बीडीपीओ परमजीत, पीडब्ल्यूडी विभाग से एसडीओ अशोक कुमार, बिजली विभाग से एसडीओ कपिल यादव, जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ सुनील कुमार सैनी, बीईओ गोहाना बलजीत आदि मौजूद रहे।



### सोनीपत : समाधान शिविर में दस फरियादी पहुंचे

**सोनीपत।** लघु सचिवालय में गुरुवार को नगराधीश सिमरन की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर सुनवाई करते नगराधीश ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया और अन्य शिकायतों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर के दौरान गांव बड़वासनी निवासी साहिल ने खेत में लगे ट्रांसफार्मर को ठीक करवाने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं गांव जुआं निवासी राजकुमार ने खेत के रास्ते तथा पानी के खाल को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग रखी। इसके अलावा गांव चिटाना के एक ग्रामीण ने झुके हुए बिजली के पोल को सीधा करवाने तथा बिजली की तारों को उचित रूप से खिंचवाने संबंधी शिकायत दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व, बिजली तथा अन्य जनसेवाओं से संबंधित शिकायतें भी समाधान शिविर में प्राप्त हुई। सभी मामलों की सुनवाई करते सीटीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



### शिकायतों का जल्द निवारण करें अधिकारी : एसडीएम

**गन्नौर।** उपमंडलीय परिसर में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम प्रवेश कादियान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखा जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से जनसमस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी शिकायतों का त्वरित व पारदर्शी निवारण करना है। शिविर में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र में आय संशोधन, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, बिजली, पेयजल, दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना तथा दयालु योजना से जुड़ी शिकायतों पर सुनवाई की गई। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।

### संवेदनशीलता के साथ करें शिकायतों का समाधान



**खरखौदा।** गुरुवार को एसडीएम अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें सरकारी गली से अवैध कब्जा हटवाने, दुकान के साथ लगे बिजली के खंभे को हटवाने तथा सिविल अस्पताल रोड स्थित मुख्य नाले की स्लैब टूटने एवं वहां से कूड़ा-कचरा हटवाने संबंधी शिकायतें प्रमुख रहीं। एसडीएम अमित भारद्वाज ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनें, उसकी वास्तविक स्थिति को समझें।



### एएसआई धर्मपाल की याद में रक्तदाताओं ने लगाया शतक

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव गढ़ी सिसाना में एएसआई धर्मपाल सिंह की याद में सातवां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विधायक पवन खरखौदा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सौ रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से कई व्यक्तियों को जीवन दान दिया जा सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। साथ रक्तदाताओं को प्रदान किए। इस मौके पर दीपांशु पाराशर, अक्षय कौशिक, प्रवीन दहिया, अशोक, अंकित, डॉ नरेंद्र, रोहित, सुरेंद्र, राहुल, आकाश, मनोज, सुमित , विक्की, रवि ,आशीष, मनीष, अजय, विकास आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 140 मरीजों के नेत्र जांचे, 12 के होंगे ऑपरेशन

- ठाकुर जी की रसोई एवं युवा शक्ति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

स्थानीय लाला जय नारायण धर्मशाला में गुरुवार को ठाकुर जी की रसोई एवं युवा शक्ति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर के साथ-साथ हड्डी रोग, फिजीशियन एवं न्यूरो थैरेपी जैसी विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। संयोजक नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में कुल 140 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिनमें से 12 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। इन सभी मरीजों के ऑपरेशन दिल्ली के वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर निःशुल्क किए जाएंगे। मरीजों के आने-जाने, ठहरने तथा भोजन की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर अपोलो अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने लगभग 62 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की।



खरखौदा। शिविर में नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए युवाओं को जागरूक करने के निर्देश



सोनीपत। बैठक लेते नगराधीश। फोटो :हरिभूमि

सोनीपत। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगराधीश सिमरन की अध्यक्षता में जिला इंटर्नशिप निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के अधिक से अधिक पात्र युवाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाकर उनका ऑनलाइन पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने सरकारी और निजी महाविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा रोजगार कार्यालयों में जागरूकता शिविर लगाने और ग्रामीण क्षेत्रों में भी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने बताया कि योजना के तहत 18 से 25 वर्ष के पात्र युवाओं को देश की अग्रणी कंपनियों में 6 से 9 माह की इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। इस दौरान प्रतिमाह 9 हजार स्टाइपेंड और 6 हजार की एकमुश्त सहायता राशि भी दी जाएगी। आईटीआई प्राचार्य विक्रम सिंह, मेजर संजय श्योराणा, प्रवेश सांगवान, जिला रोजगार अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर में कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### एआई और कंप्यूटेशनल टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को शिक्षकों के लिए एआई और कंप्यूटेशनल टेक्नोलॉजी विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन गुंजन जैन और मनीषा कालरा ने किया। इस दौरान शिक्षकों को कंप्यूटेशनल थिंकिंग, लॉजिकल रीजनिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग, एल्गोरिदम और शिक्षा में डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रहा है। शिक्षकों को लेसन प्लानिंग, मूल्यांकन, अध्ययन सामग्री तैयार करने और विद्यार्थियों की कक्षा में भागीदारी बढ़ाने के लिए एआई के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही एआई के जिम्मेदारीपूर्ण और नैतिक उपयोग पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने कार्यशाला को उपयोगी बताते सीबीएसई और स्कूल की प्राचार्या डॉ. किरण दलाल का इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षकों के ज्ञान और कौशल को और बेहतर बनाने में सहायक हैं।



गोहाना। युसूफ मेहर अली को याद करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### युसूफ मेहर अली ने दिया था भारत छोड़ो का नारा : दांगी

**गोहाना।** शहर के पुराने बस अड्डे पर स्थित शहीद स्मारक पर युसूफ मेहर अली की 76वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में युसूफ मेहर अली को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके याद किया गया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा युसूफ मेहर अली आजादी के आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्होंने भारत छोड़ो और साइमन कमीशन गो बैक के ऐतिहासिक नारे दिए। ब्रिटिश साम्राज्य से स्वतंत्रता के लिए भारत के इस अंतिम राष्ट्रव्यापी अभियान में महात्मा गांधी के साथ उन्होंने ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा ने की। उन्होंने कहा देश के सभी धर्मों और सभी वर्गों के लोगों ने देश को आजाद कराने के लिए अपनी जान की बाजियां लगा दी, जिसके चलते आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। श्रद्धांजलि समारोह में राजा पौडिया, तिलकराज, सुलेख वाल्मीकि, विजयपाल सिंह व आदित्य मलिक उपस्थित रहे।

# संत कबीर और महारानी लक्ष्मीबाई पर सजी काव्यगोष्ठी

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद साहित्यकारों ने कविता, दोहों और व्याख्यानों से दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सोनीपत इकाई की विशेष सभा में डॉ. पूर्णमल गौड़, पूर्व निदेशक हरियाणा साहित्य अकादमी के निवास पर संत कबीर एवं वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई को समर्पित काव्यगोष्ठी आयोजित की । कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद पदाधिकारियों एवं मुख्य अतिथि साध्वी मां शिवानन्दमयी ने दीप प्रज्वलित कर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा की सुप्रसिद्ध कवयित्री कमलेश मलिक ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामधन शर्मा और डॉ. पूर्णमल गौड़ उपस्थित रहे। सभा में 95 वर्षीय वरिष्ठ कवि सत्यनारायण शर्मा ने संत कबीर के दोहों का गायन शैली में प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामधन शर्मा ने कबीर के दोहों की व्याख्या करते उनके ज्ञान, भक्ति और सामाजिक चेतना के संदेश पर प्रकाश डाला। इकाई अध्यक्ष नरेश आकाश ने संत कबीर और महारानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व, साहस तथा राष्ट्रभक्ति पर अपने विचार रखे। कमलेश ने महारानी लक्ष्मीबाई पर स्वरचित कविता सुनाई और संत कबीर के दोहों की व्याख्या की। गीता सैनी ने भी काव्य पाठ किया। मुख्य अतिथि साध्वी मां शिवानन्दमयी ने संत कबीर की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया। डॉ. पूर्णमल गौड़ की धर्मपत्नी ने महारानी लक्ष्मीबाई पर भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की, जबकि अतिथि धर्मवीर मलिक (योगी) ने उनके संघर्ष और बलिदान का ऐतिहासिक विवरण प्रस्तुत किया।




सोनीपत। महारानी लक्ष्मीबाई को पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**आभार व्यक्त किया**

समापन पर डॉ. पूर्णमल गौड़ ने प्रांतीय कवि सम्मेलन की समीक्षा करते राष्ट्रीय कवि सारस्वत मोहन मनीषी की टिप्पणी का उल्लेख किया और परिषद के सभी सदस्यों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उपस्थित साहित्यकारों ने कार्यक्रम की सराहना करते डॉ. पूर्णमल गौड़ के आतिथ्य, उत्कृष्ट व्यवस्था और जलपान के लिए धन्यवाद दिया।

# एसआईआर के गणना प्रपत्रों का कलेक्शन डिजिटाइजेशन 14 तक करें पूरा : एसडीएम

- एसडीएम की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में एसआईआर से संबंधित कार्यों के शीघ्र एवं प्रभावी निपटान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य, ब्लॉक समिति चेयरमैन सतेंद्र दहिया उर्फ सत्ते रोहट रोहट, पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि एसआईआर-2026 निर्वाचन प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, सुपरवाइजरों एवं बीएलओ की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी प्रतिदिन अपने निर्धारित क्षेत्र का फील्ड विजिट कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करे तथा शाम को अपनी दैनिक प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करे। अभियान की प्रगति की समीक्षा करते इसके शीघ्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।



खरखौदा। एसआईआर संबंधी दिशा निर्देश देते एसडीएम अमित।

### गांव रूखी राजकीय स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

# मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म बीएलओ खुद भरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव रूखी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरुवार को एसआईआर संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्कृत प्रवक्ता सत नारायण वशिष्ठ ने कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को त्रुटि रहित एन्यूमरेशन फॉर्म भरने और बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित किया। सत नारायण वशिष्ठ ने बताया जिन मतदाताओं की वोट मतदाता सूची 2002 और 2024 में है उन मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म बीएलओ खुद भरेगा। जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची 2002 की लिस्ट में नाम नहीं है उन मतदाताओं को अपने माता-पिता, दादा-दादी की भाग संख्या, क्रमांक और विधानसभा क्षेत्र का नाम बीएलओ को लाकर देना होगा तभी एन्यूमरेशन फॉर्म पूरा होगा। एसआईआर अभियान का मूल उद्देश्य त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करना है।



गोहाना। विद्यार्थियों को जानकारी देते संस्कृत प्रवक्ता सत नारायण वशिष्ठ।

### विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान समयबद्ध पूरा करें

**गन्नौर।** गन्नौर विस क्षेत्र के ईआरओ एवं एसडीएम प्रवेश कादियान ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गांव बड़ी, चिरसमी और गढ़ी केसरी में बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों को अभियान समयबद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि 223 मतदान केंद्रों पर 223 बीएलओ और 24 सुपरवाईजर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बीएलओ को 14 जुलाई तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करने, भरवाने और उनका डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उपमंडलीय परिसर के कमरा नंबर-19 में हैल्प डैस्क स्थापित किया गया है तथा डिजिटाइजेशन संबंधी दिक्कतों के समाधान के लिए अतिरिक्त आपरेटर भी लगाए गए हैं।




गन्नौर। एसडीएम प्रवेश कादियान निरीक्षण करते हुए।

## खबर संक्षेप

### घायल श्रमिक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में सेवली गांव के निकट हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक श्रमिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बहादुरगढ़ के आर्य नगर निवासी राहुल ने बताया कि उनके बड़े भाई मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ।

### हत्या मामले में आरोपी बालक अभिरक्षा में लिया

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने एक महिला की हत्या की घटना में संलिप्त एक आरोपी बालक को उसके परिजनों की मौजदूगी मे अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने अपचारी बालक को बाल न्यायालय मे पेश करके उसके आदेश पर उसे बाल सुधार गृह, अम्बाला भेज दिया। गांव गढ़ी सराय नामदार खां में 24 मई 2026 को एक महिला की हत्या करके उसके शव को बोरे में भर दिया गया था।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने बाइक चोरी की घटना में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नई बस्ती, गांव गढ़ी उजाले खां निवासी अनूप पुत्र राजबीर है। गांव खानपुर कलां निवासी सागर पुत्र राजपाल ने 25 जून 2026 को थाना शहर गोहाना में बाइक चोरी की शिकायत दी थी। सागर द्वारा दी शिकायत के अनुसार 25 जून को सुबह समय करीब 9 बजे वह गोहाना में गुढ़ा मार्ग स्थित बिजली कार्यालय में बिजली का बिल भरने के लिए गया था।

### सीनियर हरियाणा राज्य नेटबॉल चैंपियनशिप 4 को

**सोनीपत।** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि सत्र 2026-27 की 20वीं सीनियर हरियाणा राज्य नेटबॉल चैंपियनशिप 4 और 5 जुलाई को हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रतियोगिता के आधार पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा।

## महाविद्यालयों में दाखिले से वंचित विद्यार्थी अब 12 जुलाई तक करें पंजीकरण

# विद्यार्थियों को तीसरी बार फिर मिला मौका शेष 20% सीटों को भरने की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मिशन एडमिशन

महाविद्यालयों में दाखिले के लिए दो बार दिए गए ऑनलाइन पंजीकरण से चूके विद्यार्थियों को अब तीसरा मौका दिया गया है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद महाविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण से वंचित विद्यार्थियों को तीसरी बार पुनः 12 दिन की राहत दी है। वंचित विद्यार्थी महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए 12 जुलाई तक पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। उधर महाविद्यालय प्रबंधनों ने दोबारा मिली छूट के बाद शेष करीब 20 से 25 प्रतिशत सीटों को भरने की कवायद शुरू कर दी है। इससे पहले निदेशालय ने 15 जून को पंजीकरण की अवधि बढ़ाकर 30 जून की थी।

बता दें कि जिलेभर के 23 प्रमुख राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में इस वर्ष करीब 13500 से अधिक सीटें यूजी कोर्स के लिए निर्धारित हैं। इस वर्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से करीब 21203 विद्यार्थियों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। इनमें सीबीएसई के अंतर्गत 8648 व एचबीएसई के तहत 12655 ने बोर्ड परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। हालांकि सभी महाविद्यालयों में निर्धारित सीटों पर ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हो पाए हैं। ऐसे में निदेशालय ने सभी महाविद्यालयों की स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं की सभी सीटों पर दाखिला सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों को अब तक 42 दिन की छूट मुहैया करवाई है। अब तक किसी कारणवश ऑनलाइन पंजीकरण से वंचित विद्यार्थी दाखिले के लिए 12 जुलाई तक छूट का फायदा उठा सकते हैं।



**सोनीपत।** सेक्टर-12 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्रा का पंजीकरण करते प्राचार्य डॉ. किरण सरोहा व स्टाफ सदस्य।

### सावधानीपूर्वक करें विषयों का चयन

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों की यूजी कक्षाओं में दाखिले के लिए पंजीकरण की समय अवधि को बढ़ाकर 12 जुलाई किया है। इस अवधि में महाविद्यालयों में दाखिला पाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण को लेकर हेल्प डेस्क खुले रहेंगे। फिलहाल नया शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। वंचित विद्यार्थियों का आह्वान है कि वह जल्द पंजीकरण करवाने के साथ कॉलेजों व विषयों का चयन सावधानीपूर्वक करें, ताकि बाद में उन्हें परेशानी न झेलनी पड़े। *-डॉ. सीमा गर्ग, प्राचार्य, हिंदू कॉलेज, सोनीपत*

### पंजीकरण के लिए कब-कब मिला मौका

महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर 7 से मई 31 ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि निर्धारित की गई थी। इसके बाद निदेशालय ने 15 जून तक विद्यार्थियों पहला पुनः पंजीकरण का मौका दिया था। इस अवधि में जिले के अधिकतर महाविद्यालयों में मात्र 60 से 65 प्रतिशत सीटों पर ही विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया था, जबकि 35 से 40 सीटें अब भी रिक्त रह गई थी। फिर दूसरा अवसर देते हुए 30 जून तक पंजीकरण की अवधि बढ़ाई गई। इस बार भी महाविद्यालयों में 75 से 80 प्रतिशत सीटें ही भर पाई। अब महाविद्यालय प्रबंधकों की मांग पर निदेशालय ने तीसरी बार पंजीकरण की तिथि को 12 जुलाई तक बढ़ाकर आगामी शेड्यूल में जल्द बदलाव करने का निर्णय लिया है।

### ऑनलाइन पंजीकरण के बिना डगर मुश्किल

निदेशालय के निर्देशानुसार महाविद्यालयों में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीबीएस जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। बिना पंजीकरण के विद्यार्थियों के महाविद्यालय में प्रवेश की डगर मुश्किल है। ऐसे में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। छूट का यह प्रयास खासकर उन विद्यार्थियों के लिए कारगर साबित होगा, जो अब तक पंजीकरण करवाने से वंचित हैं। विद्यार्थी महाविद्यालयों में स्थापित हेल्प डेस्क पर भी पंजीकरण के लिए मदद ले सकते हैं। इसके लिए खासकर नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

### पीपीपी के साथ आवश्यक दस्तावेज

नए शैक्षणिक सत्र में प्रदेशभर के विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए परिवार पहचान पत्र विशेष रूप से अनिवार्य रखा गया है। पारिवारिक आय को पीपीपी से सत्यापित आय से ही लिया जाएगा। इसके अलावा आवश्यक दस्तावेजों में पासपोर्ट फोटो, बैंक कॉपी, कक्षा 10वीं व 12वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और यदि कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद पिछले साल दाखिला लेने से वंचित छात्रों से गैप प्रमाण पत्र जरूरी है।

## न्यूज डायरी

### हिमालयी ट्रैकिंग कैंप में कॉर्पोरल पलक ने बढ़ाया मान, गोल्ड मेडल से हुई सम्मानित



**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी कैडेट कॉर्पोरल पलक ने हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग कैंप (एआईजीटीसी–हिमट्रैक-2, 2026) में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज और 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी का नाम रोशन किया। शिविर में देश के पांच एनसीसी निदेशालयों की कैडेट्स ने भाग लिया। 12 हरियाणा बटालियन से केवल दो कैडेट्स का चयन हुआ, जिनमें कॉर्पोरल पलक शामिल थीं। ट्रैकिंग के दौरान घुटने में चोट लगने के बावजूद पलक ने हिम्मत नहीं हारी और प्राथमिक उपचार के बाद पूरा ट्रैक सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके साहस और प्रदर्शन से प्रभावित होकर 1 एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, सोलन के कर्नल विवेक बत्रा ने उन्हें गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल, उप-प्राचार्या डॉ. अनीता गोयल और एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन नीतू नसीयर दूहन ने पलक को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणादायक है।

### संजय सिंगला चेयरमैन व अरविंद बने अध्यक्ष



**सोनीपत।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत की वरिष्ठ, महिला एवं युवा इकाई की संयुक्त बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। निजी रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक में प्रदेश महामंत्री अनिल गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। बैठक की शुरुआत गायत्री मंत्र के सामूहिक जाप से हुई। इसके बाद 14 जून को आयोजित बुजुर्ग सम्मान समारोह एवं विधवा सहायता कार्यक्रम की समीक्षा तथा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। नई कार्यकारिणी में संजय सिंगला को चेयरमैन, एडवोकेट अरविंद मित्तल को अध्यक्ष, कपिल गोयल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिनेश कुच्छल को महामंत्री तथा प्रवीण गोयल घी वाले को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अनिल गुप्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास जताया। बैठक में प्रेम नारायण गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, दीपक सिंगला, सीए दीपक गुप्ता, सूरज राय जैन, बबीता जिंदल, संगीता मंगला, मोनिका गर्ग, बबीता कुच्छल, शालू मित्तल, प्रवीण गोयल, अनुज मंगला, विपिन गुप्ता, मोहित गुप्ता, अर्चित, विवेक सहित करीब 50 पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाज हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

### डॉक्टर्स डे पर 31 चिकित्सकों का किया सम्मान



**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट की ओर से डॉक्टर्स डे के अवसर पर सुरेखा नर्सिंग होम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की सेवा में निरंतर समर्पित चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करना और उनके योगदान का सम्मान करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष प्रमोद मोना भुटानी ने की, जबकि सचिव सुनील भारती मंचंदा और कार्यक्रम चेयरमैन राजेश शशि कटारिया मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. सुनील कश्यप, डॉ. भावना कश्यप, डॉ. लक्ष्य दुडेजा, डॉ. ईशानी दुडेजा, डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. श्रुति भारद्वाज, डॉ. ट्विंकल सहित कुल 31 चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह और सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमोद मोना भुटानी ने कहा कि डॉक्टर अपने ज्ञान, सेवा भावना और समर्पण से समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में आशु नागपाल, मनोज कथूरिया, सुधीर खुराना, अभिषेक गुप्ता, अंकित जैन तथा सुरेखा नर्सिंग होम का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### कजाक कुरेश स्पर्धा में मेघना ने जीता कांस्य




**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज की छात्रा मेघना ने 26 से 28 जून तक श्री माधव जन सेवा न्यास, समालखा में आयोजित सीनियर नेशनल कजाक कुरेश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर कॉलेज का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। प्रतियोगिता में मेघना ने देशभर के खिलाड़ियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर गेटवे कॉलेज के महानिदेशक डॉ. (कर्नल) अमिक गर्ग ने मेघना को बधाई देते हुए कहा कि खेलों में सफलता अनुशासन, समर्पण, धैर्य और नेतृत्व का परिचायक होती है। उन्होंने कहा कि मेघना की यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है और विश्वास जताया कि वह भविष्य में भी नई सफलताएं हासिल करेंगी। उन्होंने कहा कि गेटवे कॉलेज विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कॉलेज परिवार ने मेघना को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी प्रतियोगिताओं में सफलता की कामना की।

## एचटेट परीक्षा केंद्रों के आसपास रहेगी धारा-163 लागू: जिलाधीश

- 4-5 जुलाई को परीक्षा के दौरान 500 मीटर के दायरे में हथियार ले जाने, भीड़ एकत्रित करने व मोबाइल फोन ले जाने पर रहेगा प्रतिबंध

**सोनीपत।** जिलाधीश नेहा सिंह ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 04 एवं 05 जुलाई को जिले के सभी परीक्षा केंद्रों एवं उनके 500 मीटर के दायरे में प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश ने बताया कि एचटेट परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, अव्यवस्था या नकल की संभावना को रोकने के लिए परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने तथा आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, कुल्हाड़ी, गंडासा, चाकू अथवा अन्य किसी भी प्रकार के हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में स्थित सभी फोटोस्टेट (फोटोकॉपी) की दुकानें परीक्षा अवधि के दौरान बंद रहेंगी।

## संगीता का एशियन गेम्स के लिए चयन

- राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा कुराश प्रतियोगिता में करेंगी देश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा संगीता ठाकुर का कुराश (57 किलोग्राम वर्ग) में एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। एशियन गेम्स का आयोजन 19 सितंबर 2026 से जापान में होगा। संगीता ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और निरंतर मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है, जिससे महाविद्यालय, सोनीपत और हरियाणा का गौरव बढ़ा है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. किरन सरोहा ने संगीता ठाकुर को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगीता एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतेंगी। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रवेश वत्स के मार्गदर्शन को भी इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण बताया गया। जनवरी 2026 में महाविद्यालय में कार्यभार संभालने वाले प्रवेश वत्स बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के स्वर्ण पदक विजेता, अंतर-विश्वविद्यालय पदक विजेता तथा राष्ट्रीय पदक विजेता रह चुके हैं। डॉ. वन्दना नासा, डॉ. रेखा रहेजा, डॉ. राजेश भारद्वाज, डॉ. अमिता, डॉ. नीलम, डॉ. राजवन्ती, डॉ. सतीश मालिक, डॉ. राजेश ढाका, डॉ. सुनील सहित समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्राओं ने संगीता ठाकुर तथा उनके प्रशिक्षक प्रवेश वत्स को शुभकामनाएं दी।

### डॉ. कमलेश बनीं इनरव्हील क्लब की प्रधान



**सोनीपत।** गीता विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को इनरव्हील क्लब की नई कार्यकारिणी के दायित्व ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लेने के साथ हुई। इस अवसर पर पूर्व प्रेसिडेंट अनीता मदान ने डॉ. कमलेश मलिक को कॉलर पहनाकर नए प्रेसिडेंट का दायित्व सौंपा। इसके बाद डॉ. कमलेश मलिक, उनकी पूरी टीम तथा सभी सदस्यों ने मां सरस्वती का पूजन कर सफल कार्यकाल की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## विधायक ने किया 5 चौपाल, लाइब्रेरी, पेयजल लाइन और खेतों के रास्ते का किया उद्घाटन

- विधायक कादियान ने अगवानपुर में 2.50 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य किए जनता को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** विधायक विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए।

ग्राम पंचायत अगवानपुर में गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से तैयार विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने गांव के लिए नए विकास कार्यों की भी घोषणा की। वाल्मीकि चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच व ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विधायक कादियान ने करीब 99.50 लाख रुपये की लागत से महिला चौपाल सहित पांच चौपालों का निर्माण, लगभग 10 लाख रुपये से श्मशान घाट के सुंदरीकरण, करीब 26.50 लाख रुपये की लागत से चार गलियों के निर्माण, लगभग 57 लाख रुपये से स्टेडियम के पास डीप ट्यूबवेल और पेयजल पाइपलाइन बिछाने, 7 लाख रुपये से मंदिर वाले तालाब के जीर्णोद्धार तथा करीब 32 लाख रुपये की लागत से आधुनिक लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। वहीं, करीब 22 लाख रुपये की लागत से खेतों के रास्ते के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास भी किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, पूर्व सरपंच रामचंद्र, उमेश, जगबीर, निरंजन त्यागी, विनोद त्यागी, जगमिंदर त्यागी, नरेश बाल्मीकि, अरुण बाल्मीकि, रघुबीर पंच, पवन भारद्वाज, याशिन चौकीदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### कल्याण नगर की मुख्य गली का निर्माण पूरा कराने की मांग

**सोनीपत।** कल्याण नगर की मुख्य गली का निर्माण पिछले छह माह से अधूरा होने से नाराज क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को कल्याण नगर सेवा समिति के प्रधान पवन तनेजा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इसके बाद नगर निगम आयुक्त को ई-मेल के माध्यम से ज्ञापन भेजकर जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन में पारुल अरोड़ा, वीना तनेजा, रंजना चौहान, दीक्षा कुकरेजा, आशा भारद्वाज, सुषमा मक्कड़, किरण चावला, सुरेंद्र कुकरेजा, श्वेता चावला, बबीता डबास, भूप सिंह, नीरु डब्बास, स्वाति भगत, बबली, गोविंद लाल मदान, सुरेश, महेंद्र और पूनम सहित अनेक लोग शामिल रहे।पवन तनेजा ने बताया कि जगदीश अखाड़े वाली मुख्य गली को करीब छह माह पहले पानी की पाइपलाइन और सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदा गया था, लेकिन इसके बाद सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया।

**चर्चा** शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने को विधायक ने अधिकारियों संग की बैठक

## डोर-टू-डोर कूड़ा उठान जल्द शुरू कराने और एजेंसियों का भुगतान करने के निर्देश

नागरिकों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में बिगड़ी सफाई व्यवस्था और डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की समस्या को लेकर विधायक निखिल मदान ने गुरुवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में नगर निगम की सफाई शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ भी मौजूद रहीं। विधायक ने अधिकारियों से शहर में सफाई व्यवस्था को जल्द सामान्य करने के लिए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विधायक निखिल मदान ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से डोर-टू-डोर कूड़ा उठान का कार्य करने वाली एजेंसी ने जेबीएम कंपनी की ओर से भुगतान नहीं मिलने के कारण काम बंद कर दिया था, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



**सोनीपत।** बैठक में मौजूद अधिकारी, साथ में विधायक।

### अस्थायी रूप से जिम्मेदारी सौंपी जाएगी

विधायक ने मौके पर ही जेबीएम कंपनी के अधिकारियों को एजेंसी का भुगतान तुरंत जारी करने के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि कंपनी ने भुगतान करने पर सहमति दे दी है और शुक्रवार सुबह से डोर-टू-डोर कूड़ा उठान में लगी गाड़ियां दोबारा कार्य शुरू कर देंगी। विधायक ने कहा कि शहर में सड़कों और गली-मोहल्लों की सफाई करने वाली पूर्व एजेंसी का अनुबंध समाप्त होने के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। इस समस्या के समाधान के लिए अगले एक-दो दिनों में वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए पूर्व में कार्य कर चुकी एजेंसी को अस्थायी रूप से जिम्मेदारी सौंपने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि पूरे शहर में नियमित सफाई शुरू हो सके। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत की गई है, ताकि स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में मुख्य सफाई निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, साहब सिंह, सतपाल सिंह, सफाई निरीक्षक सुंदर मलिक, कृष्ण कुमार, पोषण मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।